नई दिल्ली नगर पालिका की कंटीन में गन्दगी

3927. **श्री यशपाल सिंह :**
श्री ओंकारलाल बेरवा :

क्या **स्वास्थ्य तथा परिवार नियोजन और निर्माण, आवास तथा नगरीय विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि नई दिल्ली नगरपालिका के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने ऐसे होटल तथा जलपान-गृह बन्द करवा दिये हैं जिन में सफाई की समुचित व्यवस्था नहीं है;

(ख) यदि हां, तो इन अधिकारियों ने नई दिल्ली नगर पालिका टाऊन हाल में स्थित कैन्टीन को बन्द क्यों नहीं करवाया जब कि वह कई होटलों से ज्यादा गन्दी है; और

(ग) यदि हां, तो इस कैन्टीन की जो इन अधिकारियों के सामने चल रहा है, सफाई की ओर कोई ध्यान न दिये जाने के क्या कारण हैं ?

स्वास्थ्य तथा परिवार नियोजन और निर्माण, आवास तथा नगरीय विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री ब० सु० मूर्ति) : (क) जी हां ।

(ख) और (ग). नई दिल्ली नगर पालिका ने बतलाया है कि नई दिल्ली नगर पालिका टाउन हाल में स्थित कैंटीन को इस लिए बन्द नहीं करवाया गया क्योंकि सफाई का कम से कम जो स्तर होना चाहिए वह वहां पर रखा जा रहा है । इस कैंटीन का नियमित रूप से निरीक्षण किया जाता है और स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा सुझाये गये आवश्यक सुधार किये गये हैं ।

TECHNICAL POSTS IN THE CENTRAL REVENUE CONTROL LABORATORY

3928. SHRI K. M. MADHUKAR :
SHRI CHANDRA SEKHAR SINGH :

Will the Minister of FINANCE be pleased to state :

(a) the number of technical posts (Gazetted and non-Gazetted) in the Central Revenue Control Laboratory;

(b) what is the proportion kept between the Gazetted and the non-gazetted posts (technical);

(c) what are the duties of the Assistant Chemical Examiners, Chemical Assistants Grade I and Chemical Assistants Grade II;

(d) whether the samples are allotted to the Assistant Chemical Examiners in the same manner as to the Chemical Assistants Grades I and II; and

(e) what is the average of receipt of samples each of Opium, Customs and Central Excise Sections, their disposal and the average expenditure incurred per sample and whether ther are any arrears of samples and if so, what steps are being taken to clear them ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI P. C. SETHI) : (a) to (e). A statement containing the requisite information is laid on the table of the House. [*Placed in Library. See* No. LT-2372/69].

दक्षिण बम्बई में कोलाबा के एक फ्लैट से सोने की बरामदगी

3929. **श्री हुकम चन्द कछवाय :**
श्री श्रीचन्द गोयल :
श्री शारदा नन्द :
श्री राम सिंह अयरवाल :

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि बम्बई सीमा शुल्क अधिकारियों ने अगस्त में, दक्षिण

बम्बई में कोलम्बा के एक फ्लैट पर छापा मारा तथा बड़ी मात्रा में सोना पकड़ा;

(ख) यदि हां, तो पकड़े गये स्वर्ण का मूल्य क्या है;

(ग) क्या यह भी सच है कि पकड़े गये स्वर्ण पर विदेशी मार्के थे; और

(घ) सरकार द्वारा कितने लोगों के विरुद्ध कार्यवाही की गई है तथा क्या कार्यवाही की गई है ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री प्र० चं० सेठी) : (क) से (घ). 21 अगस्त, 1969 को बम्बई के सीमा-शुल्क अधिकारियों ने कोलम्बो में एक फ्लैट की तलाशी ली तथा अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा दर से लगभग 2.7 लाख रुपये का विदेशी मार्के का 2750 तोला सोना पकड़ा । इस सोने का बाजार मूल्य 5.4 लाख रुपये है।

एक व्यक्ति गिरफ्तार किया गया जिसे बाद में जमानत पर रिहा कर दिया गया । आगे जांच-पड़ताल जारी है ।

सीमा शुल्क तथा अपराध निरोध विभाग के अधिकारियों द्वारा बम्बई तथा थाना जिलों में छापे

3930. **श्री हुकम चन्द कछवाय :**
श्री प्रा० सुंदरलाल :
श्री श्रीचन्द गोयल :
श्री बंश नारायण सिंह :
श्री राम सिंह अयरवाल :

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सीमा शुल्क अधिकारियों तथा बम्बई के नौ-वहन तथा अपराध निरोधक विभाग के अधिकारियों ने बम्बई तथा थाना जिलों के कई स्थानों पर छापे मारे और कुछ ऐसे कागजात पकड़े जिन से भारी मात्रा में माल की तस्करी के आरोप सिद्ध होते हैं;

(ख) यदि हां, तो उन कागजातों के अनुसार अगस्त, 1969 में पकड़े गये तस्करी के माल का अनुमानित मूल्य क्या है; और

(ग) अब तक कितने लोगों के विरुद्ध कार्यवाही की गई है तथा क्या कार्यवाही की गई है ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री प्र० चं० सेठी) : (क) जी, हां। अगस्त 1969 में केन्द्रीय उत्पादन शुल्क समाहर्ता कार्यालय, बम्बई की निवारक सीमा शुल्क शाखा समुद्री तथा निवारक प्रभाग के अधिकारियों ने बम्बई नगर और थाना जिले में मुम्बरा में छापे मारे तथा कुछ दस्तावेज पकड़े, जिनसे कपड़ा, संशिलष्ट सूत और फउन्टेन पेन जैसी चोरी-छिपे लायी ले जायी गयीं वस्तुओं के बड़े पैमाने पर लेन-देनों का पता चलता है।

(ख) चोरी-छिपे रूप में लाये ले जाये गये माल का लगभग मूल्य, जैसा कि अगस्त 1969 में पकड़े गये दस्तावेजों से जाहिर हुआ, दो करोड़ रुपये है।

(ग) पांच व्यक्ति गिरफ्तार किये गये जिन्हें बाद में मजिस्ट्रेट ने जमानत पर छोड़ दिया। आगे जांच-पड़ताल चल रही है।

बाढ़ तथा सूखाग्रस्त राज्यों को धन का आवंटन

3931. **श्री हुकम चन्द कछवाय :**
श्री प्रा० सुन्दर लाल :
श्री श्रीचन्द गोयल :
श्री शारदानन्द :
श्री बंश नारायण सिंह :

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) केन्द्रीय सरकार द्वारा बाढ़ तथा सूखाग्रस्त राज्यों के लिए वित्तीय वर्ष 1967-68, 1968-69 तथा 1969-70 में राज्यवार अनुदान के रूप में कितनी धनराशि नियत की गई; और